कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी (गया)

पत्रांकः 3081 / दिनांकः 22.12.25

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

सेवा में,

**SK Yadvendu Construction Pvt.Ltd. (Bid ID: 631505)**
**At. :- Mustafabad, Near. Rajesh Lodge, Gaya, Email ID :- skyadvendu1969 @gmail.com**

विषयः शीर्ष RRSMP under MMGSUY (प्रखण्ड खिजरसराय एवं बथानी) अन्तर्गत पैकेज सं० RRSM/25-26-Nimchak Bathani-2 (Tender ID-144468) का पथ निर्माण एवं सात वर्षीय रख–रखाव कार्य हेतु कार्यादेश निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्य का आवंटन अभियंता प्रमुख, ग्रा0का0वि0, बिहार, पटना का पत्रांक–मु०अ० (अ०उ०)–4515–01–791/2025 पार्ट–III 4053/पटना दिनांक 08.12.2025 एवं मुख्य अभियंता–2(गया), ग्रामीण कार्य विभाग, पटना का पत्रांक–2323 दिनांक 12.12..2025 के द्वारा किये जाने के उपरान्त आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करते हुए उक्त कार्य को क्रियान्वित करने हेतु आपके द्वारा एकरारनामा किया गया है। किये गये एकरारनामा की सं० 22/CMBD/MMGSUY वर्ष 2025–26 एवं एकरारित राशि 4,63,19,311/– (चार करोड़ तिरसठ लाख उनीस हजार तीन सौ ग्यारह) रू0 मात्र है। विषयांकित कार्य के स्थल प्रभारी श्री सरवर आलम एवं श्री चंदन कुमार, कनीय अभियंता होगें एवं कार्य का क्रियान्वयन श्री हरे राम एवं रवि कुमार, सहायक अभियंता के कुशल तकनीकी पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में सम्पन्न होगा। इस कार्य हेतु किए गये एकरारनामा की सत्यापित प्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि आप अविलम्ब संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दें तथा कार्य को तकनीकी विशिष्टियों एवं एकरारनामा में उल्लेखित शर्तो के अनुरूप सम्पादन करने हेतु ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए ताकि यह कार्य निर्बाध गति से चलती रहे कार्यादेश निर्गत होने की तिथि अर्थात दिनांक 22.12.2025 से 21.12.2026 के पूर्व तक कार्य को हर हाल में पूर्णरूपेण समाप्त किया जा सके। ज्ञातव्य हो कि यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता श्रेणी का है।

अतः इसे निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा करना अनिवार्य होगा। *पथ में अगर वन भूमि पड़ती हो तो बिना अनापति प्रमाण–पत्र का उस भाग पर निर्माण कार्य नहीं करना है।* कराये गये कार्य का संबंधित विभाग से गुणवत्ता से संबंधित एवं गुण नियंत्रण प्रमाण–पत्र विपत्र के साथ समर्पित करना अनिवार्य है एवं विपत्र के साथ E-Challan मूल में जमा करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
22/12/25

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

पत्रांक 3081 / दिनांक 22.12.25

प्रतिलिपिः– श्री सरवर आलम एवं चंदन कुमार, कनीय अभियंता/श्री हरे राम एवं रवि कुमार, सहायक अभियंता को एकरारनामा का सत्यापित प्रति के साथ सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि कार्य को तकनीकी विशिष्टियों एवं एकरारनामा में उल्लेखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करेंगें। कार्य का पाक्षिक भौतिक वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन भी प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध करायेगें। साथ ही निदेश दिया जाता है कि कार्य विपत्रों के साथ संबंधित विभाग से गुणवत्ता/गुण नियंत्रण प्रमाण–पत्र देना सुनिश्चित करेगें।

22/12/25

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

पत्रांक 3081 / दिनांक 22.12.25

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, गुणनियंत्रण प्रयोगशाला, खिजरसराय को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए सूचित करना है कि उक्त कार्य का गुणवत्ता जांच अपने स्तर से करते हुए इस कार्यालय को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराते रहे ताकि उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।

22/12/25

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

Scanned with CamScanner